दिनांक 28.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# कमीशन एजेंट आकाश गंगा सब्जी मंडी में टमाटर बेचते हुए पकड़ाया, निगम की टीम ने एजेंट पर लगाया 12 हजार जुर्माना

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज जोन- 1 की टीम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी में लॉकडाउन का उल्लंघन कर टमाटर बेचने वाले कमीशन एजेंट को पकड़ा। लाकडाउन का उल्लंघन के मामले में टीम ने 12 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जोन- 1 आयुक्त सुनील अग्रहरि ने लाकडाउन में दुकान खोलने पर ट्रक चालक और कमीशन एजेंट को कड़ी फटकार लगाई। जोन- 1 के आयुक्त अग्रहरि ने बताया कि आकाश गंगा सब्जी मंडी में ट्रक में भरकर टमाटर लाने और उसे फुटकर व्यापारियों को बेचने की शिकायत मिली थी। जब मौके पर जांच करने टीम पहुंची तो पाया कि व्यापारी ट्रक में लोड टमाटर को फुटकर व्यापारियों को बेच रहे थे। उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई और 30 सितंबर तक मंडी के दुकान को बंद रखने की समझाइश दी गई। दूसरी बार नियम का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर दुकान को सील करने की चेतावनी दी गई! कार्रवाई के दौरान टीम में एआरओ शरद दुबे सहित अन्य उपस्थित थे। उद्योग संचालक पर लगाया जुर्माना इधर जोन-4 वीर शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र छावनी में संचालित तेज उद्योग यूनिट- 2 के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। मास्क पहने बिना कर्मचारियों से कार्य लेने के मामले में 3000 रुपए जुर्माना लगाया गया। वहीं एक दुकानदार से 500 रुपए अर्थदंड वसूला गया। वैशाली नगर की टीम ने लाक डाउन का उल्लंघन कर देर रात को सामान बेचने वाले श्री रिद्धि सिद्धि वस्त्रालय के संचालक पर जुर्माना लगाया। रविवार की रात 8 बजे दुकान खोलकर सामान बेच रहा था। शिकायत पर टीम ने उनके खिलाफ कार्रवाई की।